संसदीय कार्य मंत्री तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री एच के एल भगत) : (क) और (ख) दिल्ली प्रशासन के खाद्य आपूर्ति तथा उपभोक्ता कार्य विभाग ने सूचित किया है कि उसके कर्मचारियों द्वारा शिकायत प्राप्त होने अथवा न होने दोनों ही स्थितियों में उचित दर की दुकानों की समय-समय पर अचानक जांच की जाती है।

नई दिल्ली नगरपालिका क्षेत्र में पटरी दुकानदारों को दुकानों का आवंटन

3698. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नई दिल्ली नगर पालिका क्षेत्रों में इस समय ऐसे कितने पटरी दुकानदार हैं जो पिछले तीन वर्षों से तहबाजारी (बिक्री शुल्क) दे रहे हैं और उन्हें अभी तक दुकानें आवंटित नहीं की गई हैं ;

(ख) इन्हें अभी तक दुकानें आवंटित न किए जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या 1987-88 के दौरान इन्हें दुकानें आवंटित किए जाने का कोई विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (घ) ऐसे 143 पटरी वाले दुकानदारों में से 17 को बनी बनाई दुकानें दी गई हैं। जबकि ऐसे आबादकारों/झोंपड़े वालों को स्थान देने के प्रत्येक प्रयास किए जाते हैं, फिर भी नये एककों के निर्माण के लिए स्थान आदि के अभाव में ऐसा करना सम्भव नहीं है।

Representations regarding: plinth area Of DDA flats

3699. SHRI RAFIQUE ALAM; Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether under the High Court iof Delhi direction in its judgement dated 10th July, 1987 to the effect that the DDA should adhere to the terms and conditions incorporated in the brochures originally issued for registration of applications under the respective schemes, many resident welfare associations of developed colonies of the DDA including tne Resident Welfare Association of Pocket 'F of G-8 Area, Rajouri Garden have submitted their representation;

(b) if so, what are the details there, of;

(c) whether the President, Welfare Association Pocket f of G-8 Area, Rajouri Garden have also requested to make good the deficiency in the plinth area; and

(d) if so, the manner in which Government propose to solve the problem?

THE MINISTER OF STATE IN THE MIN'STRY OF URBAN DE'TE-LOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) to (d) Only one Association, the Residents Welfare Association Pocket F MIG Flats. Rajouri Garden, has been representing for making up some deficiency in the plinth a'rea of 256 MIG flats allotted to them.

The Association has already been informed by the DDA that there was some difference in the plinth area as given in the brochure and as constructed at site but that the cost of the construction as charged from them has been worked out on the basis of the actual plinth areas provided and not on the basis of the plinth area indicated in the brochure. In view of this, there is no question of making good the difference in the plinth area as is being represented by the Association.

Free Medical Aid to SCs/STs

3700. SHRI SUBAS MOHANTY: Will the Minister of WELFARE be pleased to state;

(a) whether some schemes of free medical aid to Scheduled Castes/ Scheduled Tribes are being implemented by Govanment;

(b) if so, what are the details of the schemes;

(c) whether these schemes are being implemented in Andhra Pradesh also; and

(d) if so, the number of Scheduled Castes/Scheduled Tribes covered by these schemes in Andhra Pradesh so far?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) While no separate scheme in this regard has been drawn up for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, they are also covered by the general me dical aid programmes.

(b) to (d) Do not arise.

दिल्ली के पूर्वी भाग में गंगा के पानी की सप्लाई

3701. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान दिल्ली के पूर्वी भाग में स्थित कितनी कालोनियों को गंगा का पानी सप्लाई किए जाने का विचार है ;

(ख) गंगा के पानी की सप्लाई कब तक शुरू हो जाने की आशा है ;

(ग) इस संबंध में कुल कितना खर्च होने की संभावना है ;

(घ) क्या वर्ष 1988 के दौरान गौतमपुरी कालोनी में भी गंगा के पानी की सप्लाई करने का विचार है ; और

(ङ) यदि हां तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जसवीर सिंह) : (क) से (ग) नकमी नगर तथा शकरपुर क्षेत्र की 29 कालोनियों को नगर निगम का पानी दिए जाने की सम्भावना है और लाइनों के जून, 1988 तक चालू हो जाने की आशा है। परिधीय तथा आन्तरिक पानी की मुख्य लाइनें बिछाने में 170.47 लाख रुपये की कुल लागत का अनुमान लगाया गया है।

(घ) तथा (ङ) परिधीय सिस्टम वाली लाइनों बिछाने का कार्य आरम्भ कर दिया गया है और इसके दिसम्बर, 1988 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है। गौतमपुरी को पानी की आपूर्ति कब तक की जाएगी जब आन्तरिक मुख्य लाइनें बिछा दी जाएंगी जिसके लिए अनुमानों को अभी अन्तिम रूप दिया जाना है।

उपभोक्ता सहकारी भण्डारों के लिए जारी किए गए लाइसेंस

3702. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान पंजीयक सहकारी समिति, दिल्ली प्रशासन द्वारा जिन सहकारी समितियों को उपभोक्ता सहकारी भंडारों के लिए लाइसेंस दिए गए हैं, उनकी संख्या कितनी है तथा उनके नाम और पते क्या हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि किसी प्रकार की जांच किए बिना ही इन समितियों को लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" हो, तो क्या किसी खुफिया एजेन्सी द्वारा इस मामले की जांच कराए जाने का विचार है ; यदि हां, तो कब तक ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : (क) चालू सहकारी वर्ष के